वार्षिक रिपोर्ट

2002-03

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान

(सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

मनोविकास नगर, सिकंदराबाद - 500 009 आन्ध्रप्रदेश, भारत.

दूरभाष : 040-27751741 फेक्स : 040-27750198

ई.मेइल : dirnimh@hd2.vsnl.net.in वेबसाईट : www.dirnimhindia.org

मुखपृष्ठ :

महामहिम डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, भारत के राष्ट्रपति एन.आई.एम.एच. डी.डी.आर.सी. मदुरै को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। डॉ.सत्यनारायण जटिया, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भी उपस्थित थे।

विषय-सूची

विषय		पृष्ठ सं.
अध्याय		
1.	संस्थान के बारे में	7
2.	लक्ष्य	9
3.	मानव संसाधन विकास	10
4.	अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ	16
5.	राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के प्रकाशन	20
6.	परामर्शी और तकनीकी समर्थन	21
7.	विस्तारण और अउटरीच कार्यक्रम	24
8.	सेवाएँ	27
9.	प्रलेखीकरण और प्रचार	37
10.	विशेष शिक्षा केन्द्र	40
11.	मानसिक रूप से त्रुटिपूर्ण बच्चों के लिए मॉडल स्कूल, नई दिल्ली	41
12.	समन्वित क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल	42
13.	रीढ़ की चोटों के लिए क्षेत्रीय पुनर्वास केंद्र, जबलपुर	44
14.	दौरे	45
15.	प्रशासन	48
अनुबंध		
I	डी.एस.ई.(एम.आर.) वार्षिक परीक्षा 2002-03 के परिणाम	74
II	वर्ष 2002-03 में आयोजित अल्पकालीन पाठ्यक्रम	76
III	वर्ष 2002-03 के दौरान आयोजित अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम	80
IV	वर्ष 2002-03 के दौरान आयोजित अउटरीच शिविर	82
V	पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ	91
परिशिष्ट		
ए	महापरिषद् के सदस्यों की सूची	93
बी	कार्यकारिणी परिषद् के सदस्यों की सूची	94
सी	शैक्षणिक समिति के सदस्यों की सूची	95
डी	एथिक्स समिति के सदस्यों की सूची	96

संकल्पना

देश के अन्य नागरिकों की तरह हर मानसिक मंद व्यक्ति के जीवन भी उतना ही विशेष है; इसमें वे संभवत: अत्यधिक मात्रा में स्वतंत्र जीवन बिताएँगे।

मिशन

विशेषज्ञों के निरंतर प्रयास द्वारा मानसिक मंद व्यक्तियों को वर्तमान आधुनिक पुनर्वास हस्तक्षेप जैसे, शैक्षिक, थिरैप्युटिक, व्यावसायिक, रोजगार, अवकाश काल तथा सामाजिक, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और पूर्ण सहभागिता में अभिगम के लिए अधीकृत बनाना

मान्यता

एन.आई.एम.एच. मानसिक मंद व्यक्तियों के समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा तथा पूर्ण भागीदारी को मान्यता देती है। ग्राहक पर आधारित पुनर्वास कार्यक्रमों में विकलांग व्यक्ति, अभिभावक, व्यावसायिक, कर्मचारी तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के भागीदारी में एन.आई.एम.एच. विश्वास करता है।

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान

(सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

मनोविकासनगर, सिकिन्द्राबाद - 500 009. आँध्रप्रदेश, भारत,

तार : मनोविकास दूरभाष : 040-27751741

फैक्स : 040-27750198 ई-मेइल : dirnimh@hd2.vsnl.net.in वेबसैट : www.nimhindia.org

माननीय केन्द्र मंत्री डॉ.सत्यनारायण जटियाजी का 14.01.2003 को एन.आई.एम.एच. का दौरा

अध्याय - 1

1.0 संस्थान के बारे में

1.1 प्रस्तावना

संसार में जब से मनुष्य का प्रादुर्भाव हुआ है और उसने अपने समूह बनाना आरंभ किया है, तब से ही विकलांग व्यक्ति भी यहां रहे हैं । सभी प्रकार की विकलांगताओं में से मानसिक मन्दन अर्थात् बौद्धिक क्षति अन्य क्षतियों की तुलना में अधिक चुनौतियों को प्रस्तुत करता है । बौद्धिक मन्दन से ग्रस्त व्यक्तियों के मानसिक विकास की स्थिति अवरुद्ध हो जाती है या अपूर्ण विकसित होती है, जो बुद्धिमत्ता की उप-सामान्यता द्वारा विशेष रूप से चरित्र-चित्रित होती है और इस तरह उन व्यक्तियों द्वारा अपने जीवन में कुछ कार्यों को करने में अवरुद्धता पैदा करती है या योग्यता में कमी कर देती है । इस प्रकार की कमी का कारण संज्ञानात्मक, भावात्मक या व्यावहारीय प्रतिभा में विकलाँगता है ।

एन.एस.एस.ओ. की 1991 की रिपोर्ट के अनुसार सर्वेक्षणों से यह सूचित होता है कि जनसंख्या की 3% जनता मानसिक मन्दन सहित विकासीय विलंबों से ग्रस्त होती है । भारत में विकलाँगता पुनर्वास की कहानी तो बहुत पुरानी है परंतु उसका वैज्ञानिक इतिहास छोटा है । इन विकलाँगों के उद्धार और सुधार के लिए अनेकों व्यक्तियों और वर्गों ने कई प्रकार के उपायों का सूत्रपात किया है । लेकिन भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् ही विकलाँग लोगों को संगठित रूप में पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करने का काम एक आन्दोलन के रूप में शुरु हुआ है । फिर भी, दो दशाब्दियों पहले तक भी व्यावसायिक निवेशों, वैज्ञानिक सेवा प्रतिदर्शी, प्रशिक्षित मानवशक्ति आदि बहुत दूर और बहुत कम थे ।

व्यावसायिक ढंग से पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति, भारतीय परिस्थितियों से मेल खाते सेवा नमूनों के विकास, पाठ्यक्रम का विकास, मानसिक मन्दन के बच्चों के लिए पढ़ने और सीखने की सामग्रियों की आवश्यकता महसूस की गयी थी । साथ ही मानसिक मन्दन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकता को दूसरी प्राथमिकता प्राप्त आवश्यकता के रूप में महसूस की गयी । इसलिए भारत सरकार ने संसाधनों के सृजन के लिए मानव संसाधन विकास, सेवा नमूनों के विकास, अनुसंधान तथा विकास को देश में ही करने व व्यावसायिकता की प्रोन्नति करने तथा साधनों के निर्माण में वैज्ञानिक आगमन व समर्थन-युक्त नीति आरंभ की है ।

तदनुसार, 22 फरवरी, 1984 को सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन के रूप में राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान की स्थापना की गयी ।

1.2 संगठनात्मक व्यवस्था

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान का मुख्यालय सिकन्दराबाद में तथा क्षेत्रीय केन्द्र कोलकाता, मुंबई तथा नई दिल्ली में अवस्थित हैं । संस्थान ने जुलाई, 2000 में भोपाल में अपने सम्मिश्र क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना की । तत्कालीन समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 1964 में नई दिल्ली में स्थापित मानसिक विकलाँग बच्चों के लिए मॉडल स्कूल को अगस्त, 1986 में राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान को सौंप दिया गया ।

1.3 विशेष उपलब्धियाँ / नये कार्यकलाप

संस्थान द्वारा 2002-03 के दौरान प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियाँ / हाथ में लिये गये नये कार्यकलाप निम्नानुसार हैं।

- संस्थान द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे जिला विकलाँग पुनर्वास केन्द्र, मदुरै ने सर्वोत्तम जिला विकलाँग पुनर्वास केन्द्र पुरस्कार जीता जिसे 2002-03 के दौरान भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया ।
- डिप्लोमा इन एर्ली चैल्डहुड स्पेशल एजुकेशन
- वाक् चिकित्सा विज्ञान, भौतिक चिकित्सा, मनौवैज्ञानिक आकलन और व्यावसायिक प्रशिक्षण के चार क्षेत्रों में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम आरंभ किये गये ।
- प्रारंभिक मध्यस्थता पर मास्टर प्रशिक्षकों के कार्यक्रम आरंभ किये गये ।
- मध्याह्न सेवाएँ आरंभ कीं ।
- मानसिक मन्दन से ग्रस्त व्यक्तियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए वर्कस्टेशनों को आरंभ किया ।
- मानसिक मन्दन से ग्रस्त व्यक्तियों के दृश्य प्रखरता के लिए संसाधन कक्ष आरंभ किया ।
- एन.आई.ओ.एस. परीक्षा के लिए खुली मौलिक शिक्षा शिक्षण के लिए संसाधन कक्ष आरंभ किया ।
- हैदराबाद तथा सिकन्दराबाद के अनागमित क्षेत्रों में मानसिक मन्द व्यक्तियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए मोबाइल सेवाएँ आरंभ कीं ।
- तीव्र मानसिक मन्दन ग्रस्त लोगों के लिए मनोरंजन - नामक विश्राम -कक्ष आरंभ किया ।
- भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका रुपया निधि द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त दो अनुसंधान परियोजनाओं सहित 11 नयी अनुसंधान परियोजनाएँ आरंभ कीं ।
- आँध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल राज्यों में सहायता अनुदानों तथा उपकरणों को प्रदान करते सम्मिश्र पुनर्वास कैंपों के संचालन द्वारा एडिप योजना को कार्यान्वित किया ।
- हाई स्कूल तथा महाविद्यालयों के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया ।

खाने पकाने में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे

अध्याय - 2

2.0 लक्ष्य

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के लक्ष्य निम्नानुसार हैं :-

- मानव संसाधन विकास
- अनुसंधान एवं विकास
- देखभाल करने तथा पुनर्वास के नमूनों का विकास
- स्वैच्छिक संगठनों को परामर्शी सेवाएँ प्रदान करना
- प्रलेखन तथा प्रचार
- विस्तारण और अभिआगमन कार्यक्रम ।

सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम की प्रशिक्षण कक्षा

अध्याय - 3

3.0 मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विकास की प्रोन्नति के लिए संस्थान 8 दीर्धावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है जैसे :- I) विशेष शिक्षा डिप्लोमा (मानसिक मन्दन) 2) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोज़गार डिप्लोमा (मानसिक मन्दन) 3) प्रारंभिक बाल्यकालीन विशेष शिक्षण डिप्लोमा (मानसिक मन्दन) 4) पुनर्वास सेवाएँ - स्नातक उपाधि (मानसिक मन्दन) 5) शिक्षा स्नातक उपाधि, विशेष शिक्षा (मानसिक मन्दन) 6) शिक्षा स्नातक उपाधि, विशेष शिक्षा (दूरी मोड) 7) प्रारंभिक हस्तक्षेप में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, तथा 8) सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम

3.1 विशेष शिक्षण डिप्लोमा (मानसिक मन्दन)

इस एक वर्षीय कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष शिक्षकों को विकसित करना है, जो मानसिक मंदन के व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए स्क्रीनिंग, मूल्यांकन, शिक्षण व प्रशिक्षण प्रदान करने में सक्षम हों ।

प्रसंगाधीन वर्ष 2002-03 के दौरान देश भर के 50 सम्बद्ध केन्द्रों के 965 विशेष शिक्षकगण वार्षिक परीक्षा में बैठे, जिनमें से अनुबंध-I में दर्शाये गये अनुसार 927 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की ।

3.2 व्यावसायिक प्रशिक्षण व रोज़गार डिप्लोमा (मानसिक मन्दन)

एक वर्ष की अवधि का यह व्यावसायिक प्रशिक्षण व रोज़गार डिप्लोमा (मानसिक मन्दन) मानसिक मन्दन के क्षेत्र में व्यावसायिक अनुदेशकों को तैयार करता है । फिलहाल यह कोर्स राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान, सिकन्दराबाद और नवज्योति ट्रस्ट, चेन्नै में राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान की आर्थिक सहायता से चलाया जा रहा है । वर्ष 2002-03 के गवर्नमेंट इन्स्टिट्यूट फर दि मेंटली रिटार्डेड चिल्ड्रन, चंडीगढ़ में भी यह कार्यक्रम चलाया । वर्ष 2002-03 के दौरान 40 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 38 ने वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण की ।

3.3 प्रारंभिक बाल्यकालीन विशेष शिक्षा डिप्लोमा (मानसिक मन्दन)

प्रारंभिक बाल्यकालीन विशेष शिक्षा डिप्लोमा राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान, सिकन्दराबाद तथा विजय ह्यूमन सर्वीसेस, चेन्नै में पढ़ाया जा रहा है, जो 6 वर्षों से कम उम्र के बच्चों पर ध्यान केन्द्रीकरण करते हैं तथा लक्ष्य वर्ग की योग्यता के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करने विभिन्न उपाय तथा तरीके अपनाते हैं । यह प्रशिक्षण गृह आधारित, केन्द्र आधारित, नियमित प्राथमिक पाठशालाओं, अंगनवाड़ियों तथा बालवाड़ियों में स्थान प्रदान करके प्रदान किया जा सकता है। यह कार्यक्रम मानसिक मन्द बालक के परिवार के पास या घर जाकर या सैलानी शिक्षक बनकर, नियमित या विशेष प्री-स्कूलों में जाकर, विकलाँग बच्चों को संभालने उपयुक्त मानव संसाधन का प्रशिक्षण प्रदान करता है। प्रारंभिक बाल्यकालीन विशेष शिक्षक से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह नियमित स्कूलों में विकलाँग बच्चों को अधिक संख्या में शामिल करते हुए पाठ्यक्रम की अभिकल्पना और प्रबंधन के लिए बहु-क्षेत्रीय ज्ञाता सदस्य के रूप में काम करे। प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले तमाम 31 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली ।

3.4 पुनर्वास सेवाएँ - स्नातक उपाधि (मानसिक मन्दन)

यह चार वर्षों की अवधि का कार्यक्रम उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्ध है जो मानसिक मंद व्यक्तियों को कुशाग्रबुद्धि सेवाएँ प्रदान करने में योग्य व्यावसायिकों को तैयार करता है । इस पाठ्यक्रम में न्यूरोबायोलोजी, मनोविज्ञान, विशेष शिक्षा, वाक् भाषा-चिकित्सा विज्ञान, भौतिक चिकित्सा-विज्ञान और पेशेवर चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषय शामिल किये गये हैं ।

3.5 शिक्षा स्नातक - विशेष शिक्षा (मानसिक मन्दन)

विभिन्न स्तरों पर विशेष शिक्षकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान, शिक्षा स्नातक - विशेष शिक्षा (मानसिक मन्दन) पाठ्यक्रम, जिसकी अवधि एक वर्ष की है और जो उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्ध है, संचालित करता है । वर्ष 2002-03 के दौरान प्रविष्ट 19 उम्मीदवारों में से 17 ने परीक्षा उत्तीर्ण की ।

3.6 शिक्षा स्नातक - विशेष शिक्षा (दूरी - प्रणाली)

मध्य प्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल और भारतीय पुनर्वास परिषद् , नई दिल्ली के सहयोग से क्षेत्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में बी.एड विशेष शिक्षा (दूरी-प्रणाली) कार्यक्रम संचालित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विकलाँग व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने में व्यावसायिकों को विकसित करना है । वर्ष 2002-03 के दौरान देश के विभिन्न भागों से 40 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम पूरा किया ।

3.7 प्रारंभिक मध्यस्थता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

विकासीय देरी वाले बच्चों में यदि इन कमियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर प्रारंभ में ही व्यावसायिक सेवाएँ प्रदान की जाएँ तो सार्थक सुधार परिलक्षित होंगे । ये सेवाएँ बाल विकास आचरणों, भौतिक चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिकी चिकित्सा-विज्ञान, वाक् चिकित्सा विज्ञान जैसे पार-अनुशासनिक प्रकृति को आवरित करती हैं । इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्ध कर इस एक वर्षीय प्रारंभिक मध्यस्थता स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स वर्ष 2001-02 से आरंभ किया गया । वर्ष 2002-03 के दौरान पाठ्यक्रम में प्रविष्ट सभी 11 उम्मीदवारों ने फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर ली ।

3.8 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

मानसिक मंद बच्चों के दिन-प्रतिदिन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करने जो विशेष शिक्षक होते हैं उनको चिकित्सा-विज्ञान पर गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता क्षेत्रों से प्राप्त पुनर्निवेशन ने सूचित किया है । यह विशेष शिक्षकों को अपनी सुयोग्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए मजबूत दिशा प्रदान करती है, ताकि वे गुणतायुक्त सेवाएँ प्रदान कर सकें । तदनुसार, वर्ष 2002-03 से 4 से 8 सप्ताहों की अवधि वाले सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की योजना बनायी गयी और जिन्हें आंशिक रूप से स्व-वित्तीयन के आधार पर, प्रति कार्यक्रम पर प्रति प्रशिक्षणार्थी 5000/- रुपये (पाँच हजार रुपये) शुल्क लेकर संचालित किया गया । वर्ष 2002-03 के दौरान ऐसे चार कार्यक्रम संचालित किये गये जिनके विवरण निम्नानुसार हैं :-

सारणी - I

वर्ष 2002-03 के दौरान संचालित सर्टिफिकेट कोर्सों के विवरण

क्र.सं.	कोर्स का नाम	तिथि	प्रतिभागियों की संख्या
1.	वाक् चिकित्सा-विज्ञान में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	19 अगस्त से 11 अक्तूबर, 2002	17
2.	भौतिक चिकित्सा विज्ञान में पाठ्यक्रम	28 अक्तूबर से 20 दिसंबर, 2002 तक	26
3.	मनोविज्ञान मूल्यांकन में प्रमाणपत्र कोर्स	25 नवंबर से 24 दिसंबर, 2002 तक	13
4.	स्कूल से कार्य स्थल तक पारगमन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	6 - 31 जनवरी, 2003	12

व्यवहारिक कुशलताओं पर कार्यशाला

3.9 लघु - अवधि पाठ्यक्रम

ये लघु - अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम उन व्यावसायिकों और कार्मिकों के लिए सेवा के दौरान प्रशिक्षण की तरह आवश्यक रूप से अभिकल्पित हैं, जो मानसिक मंद लोगों के प्रशिक्षण की आवश्यकता पूरी करने के लिए पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य करते हैं ।

वर्ष 2002-03 के दौरान संस्थान ने 15,742 हिताधिकारियों को आवरित करते हुए 251 लघु-अवधि कार्यक्रम संचालित किये, जिनके विवरण अनुबंध- I में दिये गये हैं ।

3.10. महाविद्यालय तथा हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

यह सर्वमान्य तथ्य है कि यदि युवा मनों में जागरूकता पैदा की जाए तो विकलाँगता और पुनर्वास को समझने में उनपर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और युवा वर्ग विकलाँग व्यक्तियों के साथ सहानुभूति जता सकेंगे । इसका समाज पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा । अत:, 2002-03 के दौरान कालेज तथा हाई स्कूल के विद्यार्थियों में जागरूकता सृजित करने के लिए एक कार्यक्रम बनाया गया, जिसमें शिक्षक वर्ग की भी प्रतिभागिता रही है । पुनर्निवेशन ने संकेत दिया है कि विकलाँगता और पुनर्वास के प्रति युवाओं के मन में सकारात्मक विचारधारा पैदा की गयी है । वर्ष के दौरान 21,099 स्कूली तथा कालेज के विद्यार्थियों को आवरित करते 137 कार्यक्रम संचालित किये गये ।

3.11 विकलाँग व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

3.11.1 विकलाँग व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

जिला विकलाँग पुनर्वास केन्द्रों में विकलाँगतावाले 5,898 व्यक्तियों के लिए कुल 86 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये । ये कार्यक्रम प्राथमिक रूप से व्यावसायिक कौशलो को सिखाने और सामाजिक एकता के लिए संचालित किये गये थे ।

3.12 राष्ट्रीय / क्षेत्रीय / राज्य स्तर के कार्यक्रम

3.12.1 अभिभावक संगठनों की राष्ट्रीय गोष्ठी

मानसिक मंद व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए जनकों को अधिकारिता प्रदान करना आवश्यक है । इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान नियमित रूप से अभिभावक संगठनों की राष्ट्रीय गोष्ठियाँ आयोजित करता रहा है । 16-17 नवंबर, 2002 को कर्नाटक मानसिक मन्द नागरिक जनक संघ के सहयोग से एक राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें 78 पंजीकृत अभिभावक संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हुए 200 जनक सदस्यों ने भाग लिया । गोष्ठी के दौरान चर्चित विषय (क) सहोदरों की भूमिका (ख) आत्मविमोह (ग) प्रचार माध्यम और विकलाँगताएँ (घ) चिकित्साशास्त्रीय अभिवृद्धियाँ और (ङ) राष्ट्रीय न्यास, थे ।

3.12.2 मानसिक मन्दता पर राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन पुनर्वास व्यावसायिकों को सूचना का आदान-प्रदान करने के लिए एक सामूहिक मंच प्रदान करता है । इस वर्ष 16वाँ वार्षिक सम्मेलन मानसिक विकलाँग कल्याण संघ, कालिकट के सहयोग से 29-31 दिसंबर, 2002 तक मनाया गया । कार्यक्रम में 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया । वार्षिक सम्मेलन में चर्चा के विषय थे (क) क्लाइंटों की संतुष्टि (ख) व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोज़गार प्रदान और (ग) समुदाय आधारित पुनर्वास मॉडल ।

राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निदेशक, एन.आई.एम.एच. डॉ.एल.गोविन्द राव, द्वारा मुख्य भाषण

राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागी

विशिष्ट कर्मचारियों के व्यावसायिक कुशलताओं का प्रदर्शन का आवलोकन कर रहे श्रीमति मिन्नि मैथ्यु, मुख्य सचिव एवं श्री आर.सुन्दरवदन, आयुक्त, विकलांग कल्याण, आँध्र प्रदेश सरकार

3.12.3 विशिष्ट कर्मचारियों की राष्ट्रीय गोष्ठी

21-22 नवंबर, 2002 के दौरान सिकन्दराबाद में विशिष्ट कर्मचारियों की आठवीं राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें भारत के 16 राज्यों से 75 मार्गरक्षियों सहित 75 विशिष्ट कर्मचारियों ने भाग लिया । इन कर्मचारियों को अपने-अपने व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित उत्पादन केन्द्रों में उनके मूल्यांकन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों की तरह चयन किया गया था । जनता में जागरूकता पैदा करने तथा संभाव्य नियोक्ताओं को सुग्राही बनाने के लिए, उन्होंने उत्पादक रोज़गार का लाभ उठाने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया ।

3.12.4 विकलाँगों के लिए विश्व दिवस

3 दिसंबर, 2002 को विकलाँग विश्व दिवस के अवसर पर संस्थान में आँध्र प्रदेश राज्य के विकलाँग कल्याण विभाग के सहयोग से सप्ताह भर समारोह मनाये ।

प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों के साथ परस्पर क्रिया कर रहीं माननीय श्रीमति हरिप्रिया रंगराजन, महिला राज्यपाल

- विकलाँगताओं की रोकथाम प्रारंभिक अभिज्ञान, पहचान और मध्यस्थता पर कार्यशाला चलायी गयी जिसका उद्घाटन 03.12.2002 को आँध्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया ।

- विकलाँग व्यक्तियों, जनकों, व्यावसायिकों, गैर सरकारी संगठनों द्वारा एक जागरूकता रैली का शुभारंभ आँध्र प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा 03.12.2002 किया गया ।

- उप-परियोजना वेलुगु की परामर्शीय प्रक्रिया पर गैर सरकारी संगठनों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन दिनांक 04.12.2002 को आन्ध्र प्रदेश सरकार के जनजाति कल्याण एवं विकलाँग कल्याण मंत्री महोदय द्वारा किया गया ।

- 9 दिसंबर, 2002 को एनटीआर स्टेडियम, हैदराबाद में कार्निवाल सहित नगरद्वय के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के विभिन्न व्यावसायिक उत्पादों की प्रदर्शनी, मानसिक मन्द व्यक्तियों द्वारा व्यावसायिक कौशलों का प्रदर्शन, मानसिक मंद व्यक्तियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस कार्निवाल में 48 गैर सरकारी संगठनों ने भाग लिया ।

श्रीमति मणि कुमारी, विकलांग कल्याण मंत्री महोदया, आँध्रप्रदेश राज्य द्वारा वेलुगु प्रलेख का विमोचन

3.13 अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस कार्यक्रम को चलाने का उद्देश्य उनके अपने बच्चों की देखभाल, प्रबंधन और प्रशिक्षण में उनकी प्रतिभागिता देना, जनकों के बीच अपने समर्थन को प्रोत्साहित करते, मन में उपजे विचारों तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करवाना है । प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान 3,434 जनकों को लाभान्वित करते हुए कुल 117 जनक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किया गया । वर्ष के दौरान आयोजित किये गये कार्यक्रमों के विवरण अनुबंध-।।। में दिये गये हैं ।

अध्याय - 4

4.0 अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने यू.एस.इंडिया रुपया निधि, यूएनआईसीईएफ, यूएनडीपी, आईसीएसएसआर, एसएंडटी मिशन मोड के सहयोग से अनुसंधान परियोजनाओं का कार्य अपने हाथों में लिया है । अब तक 36 अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया गया है जिन्हें अनुबंध-V में दर्शाया गया है ।

4.1 पूरी की गयी अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 2002-03 के दौरान निम्नलिखित परियोजनाएँ पूरी की गयीं ।

1. फैमिली इन्टरवेन्शन एन्ड सपोर्ट प्रोग्राम्स फर पर्सन्स वित मेंटल रिटार्डेशन - यु.एस.इन्डिया रूपी फंड
2. इन्डिपेंडेंट ड्रेसिंग फर पर्सन्स विद मेंटल रिटार्डेशन
3. ए स्टडी आफ ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेंट इन नार्थ ईस्ट रीजन इन द फील्ड आफ मेंटल रिटार्डेशन
4. प्रिपरेशन आफ लो कास्ट स्टिम्युलेशन मेटीरियल फार ओवराल डेवलपमेंट आफ रूरल इन्फैन्ट्स एन्ड टाडलर्स्
5. एडैप्टेशन इन गेइट ट्रेनिंग
6. एडैप्टेशन्स फार ट्रैनिंग चिल्ड्रन वित मेंटल रिटार्डेशन फर इन्डिपेंडेंट लिविंग
7. डेवलपमेंट आफ टीचिंग एन्ड ट्रैनिन्ग मेटीरियल आन फिजियोथिरेपी
8. ड्रूल कन्ट्रोल एन्ड टंग थ्रस्ट थिरेपी
9. एवेरनेस मेटीरियल आन एम्प्लायमेंट आफ पर्सन्स वित मेंटल रिटार्डेशन
10. पोजिशनिंग एन्ड स्टिम्युलेटिंग एक्टिविटीज फार इन्फैन्ट्स् एन्ड यंग चिल्ड्रन

4.2 चालू अनुसंधान परियोजनाएँ

नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार वर्तमान समय में 14 चालू अनुसंधान परियोजनाएँ मौजूद हैं :

4.2.1 मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों में दृश्य विकलाँगता अभिज्ञान का अंश :

मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों में दृश्य विकलाँगता का सही आकलन उनकी अन्तर्निहित शक्तियों में सर्वश्रेष्ठ को उजागर करने में अवश्य योगदान देगा । मानसिक मंद व्यक्तियों में दृश्य विकलाँगता के अंश का मापन करने के लिए प्रणालीबद्ध अध्ययन आयोजित किया जाता है ताकि यह उनकी दृश्य विकलाँगता की मात्रा का उचित आकलन करने में मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन कार्यक्रम भी प्रदान करे ।

4.2.2 विकलाँगता के क्षेत्र से जुड़े संगठनों के कार्यों और उनके द्वारा निधियों के उपयोग के आकलन के लिए विकास साधन

भारत में विकलाँगता से पीड़ित व्यक्तियों के लिए बने विधानों तथा समर्थन-युक्त नीतियों के प्रादुर्भाव से उन्हें दी जाने वाली सेवाएँ गति पकड़ रही हैं । सेवा प्रदान करनेवालों में अधिकांश गैर सरकारी संगठन हैं, जिनके भिन्न-भिन्न उद्देश्य एवं भिन्न-भिन्न संरचनात्मक सुविधाएँ हैं । एक समान ढंग से उनके कार्यों का मूल्यांकन करने उचित क्रियाविधि को विकसित करना अभी बाकी है । इस अध्ययन का उद्देश्य ऐसे उपायों को विकसित करना है, जिनका इन गैर सरकारी संगठनों की सेवाओं और कार्य विधियों की मानकताओं के मूल्यांकन के लिए उपयोग किया जा सकता हो ।

4.2.3 गंभीर मानसिक मंदन से पीड़ित विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम बनाना

परियोजना का आरंभ, गंभीर मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों को पढ़ाने के पाठ्यक्रम तथा मध्यस्थता कौशलों को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है । इन बच्चों में मिर्गी और भौतिक विकलाँगताओं से जुड़ी समस्याएँ होंगी, जो कमजोर पूर्वानुमान का योगदान करते हैं । अनुसंधान अध्ययनों से पता चला है कि सतर्क अवधियों के दौरान की गयी मध्यस्थता ने गंभीर मानसिक मंद लोगों में कौशलों को हासिल करने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव सूचित किया है । उपर्युक्त अनुसंधान अध्ययनों के आधार पर मौजूदा परियोजना आरंभ की गयी है ।

4.2.4 विकलाँगता बच्चों को सहारा - यूएनडीपी परियोजना

यह यूएनडीपी द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त परियोजना है जो किसी भी सीमा तक बच्चे की विकलाँगता को हिसाब में लिये बिना और बिना किसी विकलाँग को छोड़े तमाम बच्चों को शिक्षा के नमूनों का प्रयोग करने के लिए है ।

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने उत्तर प्रदेश और कर्नाटक की परियोजनाओं को तकनीकी मार्गदर्शन और मानव संसाधन विकास समर्थन प्रदान किया । इन राज्यों को मुद्रण और शिक्षण सामग्रियाँ प्रदान की गयीं । इसके अलावा, राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने निम्न विषयों के अध्ययन का कार्य भी अपने हाथों में लिया है :

(क) विकलाँग बच्चों के शिक्षा की स्थिति
(ख) विकलाँग लड़कियों की स्थिति
(ग) विकलाँग बच्चों की शिक्षा में अनुसंधान का सार
(घ) विकलाँग बच्चों की शिक्षा में संतुष्ट विशिष्ट रिवाज़

तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के अलावा, राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने परियोजना के प्रलेखन की बाध्यता ली है तथा मौजूदा कार्यक्रमों पर डेटाबेस का सृजन किया है ।

4.2.5 मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों के लिए प्रविलम्बन देखभाल

यह परियोजना, मानसिक मंदन से पीड़ित बच्चों के परिवारों और जनकों को प्रविलम्बन प्रदान करने के लिए प्रतिदर्श की स्थापना करने का उद्देश्य रखती है । परियोजना के अंतर्गत प्रविलम्बन देखभाल केन्द्र, नवंबर, 2002 से हैदराबाद में आरंभ किया गया । ग्रामीण व्यवस्था में एक और केन्द्र की स्थापना के प्रयास किये जा रहे हैं । केन्द्र की स्थापना के छह महीने बाद, केन्द्र के कार्य की समीक्षा करने और तरमीमें लागू करने के लिए जनकों से फीडबैक एकत्र किया जाएगा ।

4.2.6 दृष्टि से क्षतिग्रस्त शिशुओं और बच्चों के लिए प्रेरण क्रियाकलापों का विकास

दृष्टि से क्षतिग्रस्त शिशु की सहायता करने के लिए प्रेरण एक आवश्यक घटक बन जाता है । प्रेरण क्रियाकलाप बच्चे के सकल मोटर विकास, हाथ के कार्य का विकास, अवशिष्ट, दृश्य व श्रव्य विकास और अन्य संवेदी विकास और वाक् तथा भाषा के विकास के कार्यकलापों की आवश्यकता की आपूर्ति करता है । दृष्टि से क्षतिग्रस्त शिशुओं के लिए प्रेरण पैकेज का विकास करने मौजूदा परियोजना आरंभ की गयी ।

4.2.7 0 - 3 वर्षों की आयु के बच्चों के लिए मध्यस्थता के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र में देशज प्रथाओं का अध्ययन

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शिशु पालन की प्रथाओं को जानने और सकारात्मक प्रथाओं से निहित मध्यस्थता का माड्यूल विकसित करने तथा 0-3 वर्ष के बीच की आयु के बच्चों के प्रशिक्षण के लिए नकारात्मक प्रथाओं को सुधारने के लिए यह परियोजना शुरू की गयी ।

4.2.8 ग्रामीण क्षेत्रों में विकलाँगताओं वाले शिशुओं तथा बच्चों की प्रारंभिक मध्यस्थता

यह परियोजना यू.एस-भारत रुपया निधि की आर्थिक सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों के शिशुओं और बच्चों की आवश्यकताओं की विशिष्ट रूप से मध्यस्थता पैकेज विकसित करने और मास्टर प्रशिक्षकों के लिए मैन्युअल विकसित करने के लिए है, जो व्यावसायिकों को ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करने के लिए हैं ।

4.2.9 लार नियंत्रण और जीभ दबाने का चिकित्सा-विज्ञान

लार टपकने को नियंत्रित करने के अत्यधिक प्रभावी चिकित्सीय तकनीकों को विकसित करने के उद्देश्य से यह परियोजना आरंभ की गयी । इस प्रकार एकत्रित सामग्री का आकलन किया जा रहा है ।

4.2.10 लोकोमोटर कार्य तथा कौशलों को सुधारने अनुकूली साधनों का विकास

यह परियोजना मानसिक मंदन पीड़ित लोगों के उपयोग के लिए तीन साधनों को विकसित करने आरंभ की गयी -

(क) सिर और गर्दन के नियंत्रण को सुविधा प्रदान करने सर्विकल कालर
(ख) वाकर जो चलने में सुविधा प्रदान करे
(ग) लार टपकाने को नियंत्रित करने होंठ संवेदक / लिप सेंसर ।

4.2.11 शैक्षिक विषयों को सीखने की समस्याओं से पीड़ित विद्यार्थियों के लिए संसाधन शिक्षा कार्यक्रमों का विकास

मौजूदा शिक्षा प्रणाली का अध्ययन करने और सीखने की समस्या वाले बच्चों को पढ़ाने में प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों के आँकड़े एकत्रित करने तथा नियमित स्कूलों में सीखने की समस्याओं से ग्रस्त बच्चों को पढ़ाने के लिए उपचारी पैकेज विकसित करने के लिए यह परियोजना आरंभ की गयी है ।

4.2.12 मानसिक मंदन और आटीजम वाले बच्चों के लिए सेवा प्रतिमान

उपयुक्त प्रशिक्षण प्रतिमानों की खोज करने तथा आटीजम वाले बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने व विशेष स्कूलों में अध्यापकों द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली संसाधन सामग्रियों के विकास के लिए यह परियोजना आरंभ की गयी है ।

4.2.13 मानसिक मंदन और बहु-संवेदी क्षतियों से ग्रस्त बच्चों के लिए सेवा प्रतिमान

समुचित सेवा प्रतिमानों सहित शिक्षा व्यवस्था, पद्धतियों, सामग्रियों और शिक्षक तैयार करने के विषयों व मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में मानसिक मंदन और बहु-संवेदी क्षतियों से ग्रस्त बच्चों को शामिल करने योग्य विषयों के विकास के उद्देश्य से यह परियोजना आरंभ की गयी ।

4.2.14 मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर मैन्युअल का विकास

मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों को विभिन्न कार्यकलापों में प्रशिक्षित करने के साथ-साथ मानसिक मंदन से पीड़ित व्यक्तियों को कार्य करने के लिए सुविधाजनक कार्य पर्यावरण में आवश्यक अनुकूलनों / पुनर्संरचनाओं के लिए मैन्युअल का विकास करने यह परियोजना आरंभ की गयी ।

4.3 संयुक्त राज्य अमेरिका के दल का संस्थान में आगमन और संस्थान के संकाय सदस्यों का संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा

एन.आई.डी.आर.आर, सं.रा.अमेरिका के चार सदस्यों डॉ. राबर्ट जेगर, डॉ. पॉल आकरमैन, डॉ. थेरेसा हैमलीन और श्री हैरी टेडर के एक दल ने 9-10 अप्रैल, 2002 को राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान का दौरा किया । दल ने संस्थान के विभिन्न क्रियाकलापों को देखा और कहा कि संस्थान के पास मानसिक मंद लोगों को व्यापक सेवाएँ प्रदान करने की पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध हैं । संस्थान द्वारा चलाये जा रहे अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रमों तथा मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों की उन्होंने प्रशंसा की । आपसी लाभ के लिए राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के साथ अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम में सहयोग करने के उद्गार व्यक्त किये ।

तत्पश्चात्, यू.एस. और भारत सरकार के संयुक्त कार्य वर्ग की 16-17 अप्रैल, 2002 को नई दिल्ली में बैठक हुई । संयुक्त कार्य वर्ग ने दो परियोजनाओं को निधियाँ प्रदान करने और आपसी संकाय के दौरे पर अदला-बदली का सुझाव दिया । परिणाम स्वरूप नेटवर्क को और मजबूत बनाने की संभावनाओं की खोज करने के लिए श्री टी.सी.शिवकुमार, अध्यक्ष, प्रौढ़ स्वतंत्र जीवन यापन विभाग और डॉ. ओम साई रमेश, प्राध्यापक, मनोरोगविज्ञान ने 4-14 जून, 2002 के दौरान यू.एस. का दौरा किया ।

अध्याय - 5

5.0 राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के प्रकाशन

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने अपने अनुसंधान और विकास कार्यकलापों के परिणाम स्वरूप कुल 70 मौलिक प्रकाशनों के साथ-साथ मानसिक मंद व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में 308 पुस्तकों, गाइड़ों और अन्य सामग्रियों का प्रकाशन किया जिसमें हिन्दी, कन्नड, मलयालम, मराठी, उड़िया, तमिल, तेलुगु और आओ (जनजातीय), असमिया, बंगाल, गारो, खासी, मणिपुरी, मीजो, नागा, के उत्तर पूर्वी भाषाओं और उर्दू और कश्मिरी भाषाओं में अनुवाद भी सम्मिलित है।

प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान संस्थान के 6 नये प्रकाशन थे : (1) मानसिक मंद व्यक्तियों की व्यावसायिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम, 2002 सीरीज - 2, (2) प्रारंभिक मध्यस्थता - सेवा प्रतिमान (3) अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में प्रेरण सामग्री की तैयारी के लिए मैन्युअल (4) उत्तर पूर्वी क्षेत्र में मानसिक मंद बच्चों की मानव संसाधन विकास में शिक्षा (5 होप बियांड होप - सफलता की कुछ कहानियाँ (6) मानसिक मंद व्यक्तियों की व्यावसायिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम, 2001 (हिन्दी) । मानसिक मंद व्यक्तियों की रोजगार जागरूकता पर 6 पोस्टर तथा भारत में मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए संस्थानों की निदेशिका का मुद्रण भी प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान ही हुआ ।

अध्याय - 6

6.0 परामर्शी और तकनीकी समर्थन

6.1 राष्ट्रीय न्यास

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने देखभाल करने वालों के लिए 2001-02 के दौरान मास्टर स्तर-I के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास और मास्टर स्तर-I के तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया । मास्टर प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने-अपने संगठनों में देखभाल करनेवालों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रारंभ करने की योजना बनाएँ और उनका संचालन करें । वर्ष 2002-03 के दौरान मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण जारी रखने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के अलावा दो और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । विवरण निम्नानुसार है :

सारणी - II

2002-03 के दौरान आयोजित राष्ट्रीय न्यास के मास्टर प्रशिक्षकों के कार्यक्रमों के विवरण

कार्यक्रम	तिथि	उपस्थित व्यक्तियों की संख्या	किन राज्यों ने प्रतिनिधित्व किया	विशेष शिक्षा	चिकित्सक	सामा कार्य	योग
प्रथम मास्टर प्रशिक्षक कार्यक्रम	15-26 जुलाई, 2002	22	आन्ध्र प्रदेश, चण्डीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मेघालय, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश	18	2	2	22
द्वितीय मास्टर प्रशिक्षक कार्यक्रम	20-31 जनवरी, 2003	21	आन्ध्र प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, छत्तीसगढ़ गुजरात, गोआ हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नई दिल्ली, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, पश्चिम बंगाल	18	2	1	21

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	18-20 दिसंबर, 2002	25	आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार चण्डीगढ़, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, नई दिल्ली, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल	20	4	1	25
योग		68		56	8	4	68

संस्थान द्वारा वर्ष 2001-02 के दौरान आरंभ किये गये राष्ट्रीय न्यास के कार्यकलापों पर सूचना केन्द्र राष्ट्रीय न्यास की सूचनाओं को जनकों, परिवार के सदस्यों, व्यावसायिकों और अन्यों को जो 2002-03 के दौरान पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत रहे हों, पहुँचाता है । इसके अलावा, राष्ट्रीय न्यास के कार्यकलापों पर एक लेक्चर राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में चलाए जा रहे लघु अवधि पाठ्यक्रम में, पाठ्यक्रम के एक अंश की तरह शामिल किया जाता है । ऐसे गैर सरकारी संगठनों का निरीक्षण जिन्होंने राष्ट्रीय न्यास की पहुँच और राहत योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के स्टाफ द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त करने की विश्वसनीयता का आकलन करने का कार्य किया गया है । तकनीकी समर्थन की आवश्यकतावाले संगठनों को भी उनकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।

6.2 भारतीय पुनर्वास परिषद / एम.पी . भोज विश्वविद्यालय

भारतीय पुनर्वास परिषद् ने एम.पी. भोज खुला विश्वविद्यालय के सहयोग से विकलाँग बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप नियमित शिक्षकों को सुग्राही बनाने के लिए 3-माह का बुनियादी पाठ्यक्रम आरंभ किया । 3-माह के कार्यक्रम में दो चरणों में 3 सप्ताह का आमने-सामने का संपर्क कार्यक्रम और द्वितीय संपर्क कार्यक्रम के पश्चात् सत्रांत परीक्षा शामिल है । संस्थान ने इस पाठ्यक्रम को अध्ययन केंद्र की तरह प्रस्तावित किया है । इस प्रकार एक पाठ्यक्रम पूरा कर दिया गया और द्वितीय पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है ।

संस्थान के स्टाफ ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्य सामग्री के विकास और आकलन में भारतीय पुनर्वास परिषद् की बैठक में भाग लिया ।

6.3 भारत सरकार से सहायता - अनुदान प्राप्त करने के लिए गैर सरकारी संगठनों के आवेदनों का तकनीकी मूल्यांकन

इस योजना के अंतर्गत विकलाँग व्यक्तियों के लिए स्वैच्छिक कार्रवाई की प्रोन्नति हेतु, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, देश के गैर सरकारी संगठनों को अनुदान देता है । मंत्रालय के अनुरोध पर संस्थान ने गैर सरकारी संगठनों द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तकनीकी मूल्यांकन का कार्य अपने हाथों में लिया है । प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने 210 गैर सरकारी संगठनों का तकनीकी मूल्यांकन किया और रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

6.4 राष्ट्रीय विकलाँग वित्तीयन और विकास निगम

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान, आंध्र प्रदेश राज्य के हिताधिकारियों के एनएचएफडीसी आवेदनों के निपटान के लिए राज्य स्तरीय जाँच समिति का संघटक सदस्य है । एनएचएफडीसी योजनाओं के संबंध में 75 जनकों / हिताधिकारियों / गैर सरकारी संगठनों को मार्गदर्शन दिया गया और राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने योजनाओं को लोकप्रिय बनाने गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी मार्गदर्शन दिया और इसके अलावा एनएचएफडीसी के अनुरोध के अनुसार गैर सरकारी संगठनों के 21 निरीक्षण किये गये । राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के निदेशक एनएचएफडीसी की सलाहकार समिति के सदस्य हैं, जिन्होंने उसकी बैठकों में उपस्थित रहकर अपना योगदान दिया ।

6.5 विशेष रोजगार कक्ष

वर्ष 2002-03 के दौरान राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में स्थापित विशेष रोजगार कक्ष में विकलाँग 4 लोगों को पंजीकृत किया गया । सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा 3 उम्मीदवारों को रोजगार के लिए प्रवर्तित किया गया ।

6.6 राष्ट्रीय खुला विद्यालय

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने राष्ट्रीय खुला विद्यालय के अंतर्गत असुविधाओं की शिक्षा के लिए विशेष अधिकृत संस्थान के बारे में 4 संगठनों को सूचना प्रदान की ।

6.7 पल्स पोलियो टीका

राष्ट्रीय गहन पल्स पोलियो कार्यक्रम के भाग के रूप में राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के स्टाफ ने अपने मुख्यालय में 0-5 वर्ष के बच्चों को टीके देने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें 1,407 बच्चों को दवाई दी गई।

अध्याय - 7

7.0 विस्तारण और अउटरीच कार्यक्रम

7.1 जिला विकलाँग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी)

संस्थान द्वारा कार्यान्वित जिला विकलाँग पुनर्वास केन्द्र, मदुरै ने वर्ष 2002-03 के दौरान सर्वोत्कृष्ट डीडीआरसी पुरस्कार जीता जो महामहिम डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया ।

जिला विकलाँग पुनर्वास केन्द्रों के उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

- जरूरतमंदों की आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण और यंत्रों का निर्माण और संयोजन करना तथा एआईडीपी योजना के जरिए उनका वितरण करना
- विकलाँग व्यक्तियों को सूचना व सेवाएँ प्रदान करना ।
- विकलाँग व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में लगे कार्मिकों के लिए सेवाएँ, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना और सेवाओं के सीबीआर मोड को प्रोन्नत करना है ।

7.1.1 स्थापित किये गये डीडीआरसी

स्थान	आरंभ किया गया
गुलबर्गा	जुलाई, 2000
कोजीकोड़	अगस्त, 2000
मदुरै	अगस्त, 2000
तूतिकुडि	नवंबर, 2000
त्रिवेन्द्रम	जनवरी, 2001
त्रिस्सूर	अगस्त, 2001
उज्जैन	दिसंबर, 2001
वर्धा	जुलाई, 2000

विकलांग व्यक्ति को आर्टीफिशियल लिम्ब की फिटिंग

सहायक उपकरण एवं यंत्रों का वितरण

7.1.2 केन्द्र में प्रदान की जानेवाली सेवाएँ

निम्न क्षेत्रों में विकलाँगता व्यक्तियों की आवश्यकताओं का विस्तृत मूल्यांकन तथा आकलन किया जाता है :

सहायक साधन एवं उपकरणों का वितरण

- आर्थोटिक / प्रास्थेटिक साधनों का फैब्रीकेशन
- श्रवण मूल्यांकन और श्रवण साधन
- वाक् - भाषा सेवाएँ
- भौतिक चिकित्सा-विज्ञान / व्यावसायिक चिकित्सीय सेवाएँ
- स्वास्थ्य सेवाएँ, विकलाँगता प्रमाणपत्रों को जारी करना
- विशेष शिक्षा
- व्यावसायिक प्रशिक्षण
- परामर्शी सेवाएँ

- विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभों पर सूचना
- जहाँ कहीं आवश्यक हो संदर्भ सेवाओं पर सूचना
- उपकरणों और सहायक साधनों के उपयोग में निर्माण, परख फिटमेंट, अंतिम फिटमेंट और प्रशिक्षण ।

7.1.3 समस्त डीडीआर केन्द्रों में वर्ष के दौरान नये क्लाइंटों के विवरण तथा देखे गये अनुवर्ती आगमन तथा वितरित किये गये सहायक साधन सारणी-III में बताये गये हैं ।

सारणी -III

वर्ष 2002-03 के दौरान नये क्लाइंटों और उनके द्वारा अनुवर्ती आगमनों और उन्हें वितरित किये गये सहायक उपकरण व साधनों के विवरण

श्रेणी	नये रोगी	अनुवर्ती आगमन	वितरित किये गये सहायक उपकरण व साधन
ओ एच	15167	30568	3549
एम एच	6277	17265	1400
एच एच	6594	17208	3247
वी एच	3508	6627	649
अन्य	1802	7181	128
कुल	33348	78849	8973

7.1.4 वर्ष 2002-03 के दौरान सभी डीडीआर केंद्रों में आयोजित किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रम सारणी-IV में बताये गये हैं ।

सारणी - IV

वर्ष 2002-03 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विवरण

कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रमों की संख्या	हिताधिकारियों की संख्या
मूल स्तर कार्यकर्ता शिक्षकगण एवं अन्य	86	5282
जनक प्रशिक्षण कार्यक्रम	83	2513
विकलाँग व्यक्तियों के लिए विशेष कार्यक्रम	86	5898
कुल	255	13693

कैंप के दौरान आर्टीफिशियल लिम्ब की फिटिंग

7.2 कैम्प्स

प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने अनुबंध -IV में बताये गये अनुसार 45,306 विकलाँग लोगों को आवरित करते हुए 365 कैंपों का संचालन किया। इन कैंपों में संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्रों और डीडीआर केन्द्रों द्वारा किये गये कैंप शामिल हैं । कैंपों में पहचान किये गये हिताधिकारियों को आवश्यक साधन और सहायक उपकरण मंत्रालय की एडीआईपी योजना के अंतर्गत प्रदान किये गये ।

7.3 अंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

वर्ष 2002-03 के दौरान 2,681 हिताधिकारियों को आवरित करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकलाँग व्यक्तियों की पहचान करने में अभिमुख करने और एडीआईपी योजना के अंतर्गत मूल्यांकन और आकलन के लिए स्क्रीनिंग कैंपों को उन्हें संदर्भित करने, 32 अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किये गये ।

अध्याय - 8

8.0 सेवाएँ

8.1 सामान्य सेवाएँ

संस्थान, मामले का इतिहास, भौतिक व स्वास्थ्य परीक्षण, बौद्धिक और विकासीय मूल्यांकन, विशेष शिक्षा मूल्यांकन, रोगोपचार आवश्यकताओं का मूल्यांकन, व्यावसायिक मूल्यांकन और मौलिक बायोकेमिकल स्क्रीनिंग और परीक्षण के कार्य करता है । गृह-आधारित प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम की योजना बनायी जाती है और कौशल प्रशिक्षण गृह प्रबंधन के लिए चिकित्सा कार्यक्रम संचालित करने जनकों को प्रदर्शन कराये जाते हैं । वर्ष 2002-03 के दौरान रा.मा.वि.संस्थान सिकन्दराबाद और नई दिल्ली, कोलकाता और मुंबई के क्षेत्रीय केन्द्रों में सारणी में बताये गये अनुसार 3,123 क्लाइंटों को देखा गया था ।

सारणी - V

वर्ष 2002-03 के दौरान परीक्षण किये गये नये क्लाइंट

सेवाएँ	2001-02	2002-03
सामान्य सेवाएँ	3065	3123
स्वास्थ्य सेवाएँ	2651	2897
व्यवहार तरमीमें	1031	1614
विशेष शिक्षा	2149	2118
भौतिक चिकित्सा-विज्ञान	360	479
व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान	403	417
बायो-रासायनकी	1603	1662
जनक परामर्श	2991	3072
आरंभिक मध्यस्थता सेवाएँ	427	436
वाक्, भाषा और श्रवण	1126	1104
पारिवारिक कुटीर	715	884
पेशेगत/व्यावसायिक प्रशिक्षण	223	255
ई ई जी	220	213
बहु आयामी विकलाँगता एकक	87	149
वर्ग क्रिया कलाप	88	147
पोषण	88	147
विस्तृत मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन	-	1096
संगणक सहायक अनुदेश	60	51
आत्मविमोह और मानसिक मंदन	40	74
धीमी गति से सीखनेवाले	18	46
संवेदीक्षति और मानसिक मंदन	14	20
हाइड्रोथेरपी	49	208
बौद्धिक मूल्यांकन	-	2033
कार्य स्थल (व्यावसायिकी)	-	114
संसाधन कक्ष (दृश्य प्रखरता)	-	756

8.2 विशेष सेवाएँ

कार्यान्वयन के लिए प्रबंधन योजना द्वारा गृह आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करना ही विशेष सेवाओं का उद्देश्य है । बाहर से आनेवाले व्यक्तियों के लिए, परिवार कुटीर सुविधा प्रदान की जाती है । जहाँ कहीं जरूरी हो ग्राहकों को स्थानीय संस्थाओं से सेवाएँ प्राप्त करने के लिए उचित रेफरल प्रदान किये जाते हैं, जबकि राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में आवधिक परामर्श जारी रहता है । जनकों और परिवार के सदस्यों और समय-समय पर जनक प्रशिक्षण के संगठन को सूचना तथा मार्गदर्शन के लिए संस्थान द्वारा प्रकाशित फोल्डरों, पोस्टरों और पुस्तकों को नाम मात्र की लागत लेकर विशेष सेवाओं को पृष्ठ-समर्थन प्रदान किया जाता है ।

गत वर्ष 33,112 अनुवर्ती ग्राहकों को देखे जाने की तुलना में प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान विशेष सेवाओं के अंतर्गत 39,061 अनुवर्ती क्लाईंटों को देखा गया जिसके विवरण सारणी VI में दर्शाया गया।

सारणी - VI

वर्ष 2002-03 के दौरान देखे गये अनुवर्ती रोगी

सेवाएँ	2001-02	2002-03
स्वास्थ्य सेवाएँ	7531	8248
व्यवहार तरमीमें	1442	1832
विशेष शिक्षा	2789	3956
भौतिक चिकित्सा-विज्ञान	1344	2279
व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान	444	420
बौद्धिक मूल्यांकन	195	-
जनक परामर्श	3010	3535
विस्तृत मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन	1449	1062
आरंभिक मध्यस्थता सेवाएँ	1573	2412
वाक्, भाषा और श्रवण	3426	4582
पारिवारिक कुटीर	462	384
एफसीआईएस	253	228
व्यावसायिक प्रशिक्षण	1245	783
बहु विकलाँगता एकक	285	417
वर्ग कार्य कलाप	5087	3585
पोषण	71	151
संगणक सहायता प्राप्त अनुदेश	1270	617
आत्मविमोह और मानसिक मंदन	289	667
मंद गति से सीखनेवाले	101	269
संवेदी क्षति और मानसिक मंदन	598	766
हाइड्रोथेरपी	62	765
संसाधन कक्ष (दृश्य प्रखरता)	186	-
कार्य स्टेशन (व्यावसायिक)	-	2103
कुल	33,112	39,061

8.2.1 स्वास्थ्य सेवाएँ

मानसिक मंदन सहित तत्संबंधी स्वास्थ्यपरक स्थितियों जैसे मिर्गी, हाईपर काइनेटिक व्यवहार ऊपरी श्वास नली संक्रामण, पोषण समस्याओं से पीड़ित रोगियों को औषधियाँ और तत्संबंधी स्वास्थ्य सलाह प्रदान की जाती है । संस्थान के अपने बाल-चिकित्सा और मनश्चिकित्सा विशेषज्ञ हैं। आवश्यकतानुसार क्लाइंटों को बाहरी विशेषज्ञों को रिफर किया जाता है। निम्न आय वर्ग के परिवारों को औषधियाँ मुफ्त दी जाती हैं ।

प्रारंभिक मध्यस्थता का जनकों को प्रदर्शन

8.2.2 प्रारंभिक मध्यस्थता

0-3 वर्षों की आयु वर्ग के शिशुओं और बच्चों में देरी से विकास होने का शक या जोखिम महसूस होने पर प्रारंभिक मध्यस्थता की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जो सामान्य सेवाओं में देखे जाने वाले कुल क्लाइंटों का लगभग एक तिहाई होते हैं । ये सेवाएँ बहु-विषयक चिकित्सा विशेषज्ञों के दल द्वारा प्रदान की जाती हैं । जनकों को, टीका, पोषण, खिलाने-पिलाने, संवेदी मोटर विकास, वाक् और भाषा विकास तथा मनो-सामाजिक मध्यस्थताओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाता है ।

बगीचा का काम कर रहे मानसिक मंद व्यक्ति

8.2.3 विशेष शिक्षा सेवाएँ

मानसिक मंद बच्चों का स्वयं-सेवा कौशलों, सकल तथा उत्तम मोटर कौशलों, कार्यात्मक पढ़ने-लिखने के कौशलों, समय, धन और उससे संबंधित ज्ञानात्मक कौशलों जैसे विभिन्न कौशल क्षेत्रों में चालू कार्यात्मकता, का मूल्यांकन किया जाता है । मूल्यांकन की सभी स्थितियों, वैयक्तिक शिक्षा कार्यक्रम की योजना बनाने और आईईपी के कार्यान्वयन में जनकों को शामिल किया जाता है । भारतीय संदर्भ में विभिन्न सीखे जाने वाले साधनों और उपकरणों का उपयोग किया जाता है । कंप्यूटर सहायता प्राप्त प्रशिक्षण माड्यूलों का उपयोग जरूरतमंद की विशेष शिक्षा सेवाओं की कुशलता को तीव्रगतिमान बनाने के लिए उपयोग किया जाता है ।

8.2.4 व्यवहार परिवर्तन सेवाएँ

मानसिक मंद व्यक्ति जो आज्ञोल्लंघन, सिर पीटने, अपने-आपको काटने, स्वयं को जख्मी करने, अत्यधिक रोने जैसे समस्यात्मक व्यवहारों से और अन्य विशाल भिन्न-भिन्न समस्यात्मक व्यवहार हों तो इस सेवा के अन्तर्गत उन्हें लिया जाता है । व्यवहार की आवृत्ति और गंभीरता ज्ञात करके विस्तृत मूल्यांकन के बाद, ऐसे व्यवहारों को प्रभावित करनेवाले घटकों को मालूम करने कार्यात्मक विश्लेषण किया जाता है । लक्ष्य व्यवहारों के घटित होने की स्थिति में समुचित मध्यस्थताओं पर कार्यक्रम विकसित करके जनकों को अनुदेश दिये जाते हैं । प्रगति को बनाये रखने के लिए नियमित अंतरालों से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है ।

8.2.5 मार्गदर्शन और परामर्शी सेवाएँ

जनकों में पाये जाने वाले भ्रमात्मक विचारों के निपटान के पश्चात् मानसिक मंदन की प्रकृति को समझने और बच्चे के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं की आवश्यकताओं को समझने का मार्गदर्शन दिया जाता है । परिवार व्यवस्था में बच्चे के सुव्यवस्थित विकास को प्रोन्नत करने हेतु पालकों की अपेक्षाओं को हिसाब में लिया जाता है । जनकों की भावुकतापूर्ण समस्याओं को भी सुलझाया जाता है ।

8.2.6 वाक् चिकित्सा-विज्ञान और श्रवण विज्ञान

वाक् तथा भाषा विकास में देरी मानसिक मंदन के लक्षणों में से एक है । बहुत सारे बच्चे भी भिन्न-भिन्न प्रकार की श्रव्य-त्रुटियाँ प्रस्तुत करते हैं । जिन रोगियों को सेवाओं की आवश्यकता होती है उनका विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है । वाक् तथा भाषा मध्यस्थता पैकेज बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जाता है । जनकों को सलाह दी जाती है कि वे व्यावसायिकों की सलाह से घर पर ही मध्यस्थता करें ।

8.2.7 भौतिक चिकित्सा-विज्ञान

मानसिक मंद बच्चे, सामान्य बच्चों की अपेक्षा बैठने और चलने के कौशलों में धीमी गति के होते हैं । उनमें से लगभग 15 प्रतिशत में प्रमस्तिष्क घात और अन्य भौतिक क्षतियाँ होती हैं । भंगिमा और गति को ठीक करने के बाद विस्तृत चिकित्सीय व्यायामों के प्रदर्शन दिये जाते हैं । जिन रोगियों को सहायता साधन और उपकरण तथा दोषनिवारक शल्य चिकित्सा की जरूरत होती है तो उन्हें उचित एजेंसियों के पास भेजा जाता है ।

8.2.8 बहु-विकलाँगता एकक

मानसिक मंद बच्चों में श्रवण क्षति, दृष्टि क्षति और भौतिक क्षति जैसी अतिरिक्त समस्याएँ होने पर इस सेवा में उनपर विशेष ध्यान दिया जाता है । बहु-विषय ज्ञाता व्यावसायिकों के दल द्वारा उन्हें व्यापक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

8.2.9 आनुवंशिकी-विज्ञान चिकित्सालय

भावी संतान में आनुवंशिकी या जन्म-दोषों के घटन की संभावनाओं के संबंध में विशेषज्ञ सलाह माँगने वाले जनकों को आनुवंशिकी परामर्शदात्री सेवाएँ प्रदान की जाती हैं । बायोकेमिकल, क्रोमोसोमल और साइटोजेनेटिक जाँचों के लिए रोगियों को सहयोगी संस्थानों जैसे आनुवंशिकी विज्ञान संस्थान तथा हैदराबाद में स्थित सी.सी.एम.बी. को भेजा जाता है । स्वास्थ्य तथा आनुवंशिकी-विज्ञान विशेषज्ञगण का दल परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है ।

8.2.10 व्यावसायिक प्रशिक्षण

मानसिक मंद व्यक्तियों के सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास को व्यावसायिक प्रशिक्षण और नौकरी दिलाने की सेवाओं के जरिए प्रोन्नति दी जाती है । मानसिक मंदन वाले प्रौढ़ों को आरंभ में आनुवंशिकी प्रशिक्षण और तत्पश्चात् नौकरी के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है । नौकरी पर प्रशिक्षण एक रोगी से दूसरे रोगी के लिए भिन्न होता है, जो उस रोगी को उसके रहने के स्थान की बस्ती में उपलब्ध जॉब के अवसरों पर आधारित होता है । जिस स्थान पर काम स्थित है वहीं पर स्वतंत्र रूप से काम करने योग्य होने तक रोगी को दीर्घकालीन समर्थन प्रदान किया जाता है ।

सुनार का कार्य कर रहे मानसिक मंद व्यक्ति

8.2.11 परिवार कुटीर सेवाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में दूरस्थ स्थानों से आने वाले परिवारों के लिए परिवार कुटीर सेवा उपलब्ध है । परिवार एक सप्ताह तक यहाँ रुककर व्यावसायिक सेवाएँ प्राप्त करने के साथ ही कौशल प्रशिक्षण, व्यक्तिगत परिवार परामर्श समस्या व्यवहारों का प्रबंधन, वाक्-भाषा चिकित्सा, स्वास्थ्य सलाह, भौतिक चिकित्सा, मनोरंजक क्रियाकलाप और आवश्यक सहायता भी प्राप्त कर सकता है । ये कुटीर जनकों को बच्चे की आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं जो उनके दैनंदिन जीवन से दूर होते हैं ।

8.2.12 हाइड्रोथेरपी सेवाएँ

मानसिक मंद व्यक्तियों के इलाज में हाइड्रोथेरपी का विशेष लाभ है, विशेषकर ऐसे रोगियों के लिए जो जोड़ों के दर्द, सूजनों, कड़ापन, माँसपेशी कमजोरी, अतिपेशीतानता (स्पैस्टीसिटी) आदि से भी पीड़ित हों । संस्थान ने मानसिक मंदन के साथ विभिन्न शारीरिक पीड़ाओं से ग्रस्त व्यक्तियों को हाइड्रोथेरपी की सेवाएँ प्रदान करना आरंभ कर दिया है ।

8.2.13 संगणक सहायता प्राप्त अनुदेश

विगत समय में मानसिक मंदन से पीड़ित बच्चों द्वारा तीन विभिन्न पैकेजों के जरिए साफ्टवेयर पैकेजों को विकसित किया गया । मानसिक मंदन के व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पैकेजों को अन्य अभिकरणों से हासिल किया गया। संस्थान में पंजीकृत लोगों तथा विशेष स्कूल के विद्यार्थियों को कंप्यूटर तथा उपयुक्त साफ्टवेयर का उपयोग कराने के जरिए, नियमित सेवाएँ दी जा रही हैं । माउस और की-बोर्ड पर और अन्य ऐसे हार्डवेयर परिधियों पर छोटे-छोटे अनुकूलन किये गये ताकि बच्चों को कंप्यूटरों का उपयोग करने में आसानी हो ।

8.2.14 आत्मविमोह और मानसिक मंदन

यह अनुमान लगाया गया है कि आत्मविमोह से ग्रस्त 75% लोग मानसिक मंद होते हैं । मानसिक मंदन वाले बच्चों के स्कूलों में आत्मविमोह और मानसिक मंदन वाले बच्चे पाये जाते हैं, अत: यह आवश्यक है कि शून्य - अस्वीकृत हासिल करने के लिए उन्हें उचित शैक्षिक सेवाएँ प्रदान की जाएँ । इस बात को दृष्टि में रखकर आत्मविमोह और मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों के लिए अनन्य सेवाएँ शुरू की गयी हैं । आत्मविमोह और मानसिक मंदन में विशेष रूप से प्रशिक्षित

खेल से आनन्दित आटीजम ग्रस्त बच्चें

शिक्षक इन बच्चों पर गहन ध्यान देते हैं । इसके अलावा उन्हें विशेष स्कूलों या सामान्य स्कूलों में नामांकित किया जाए ताकि उन्हें वर्ग अनुभव भी हांसिल हो ।

8.2.15 मानसिक मंदन और संवेदी क्षति

मानसिक मंदन के साथ-साथ दृष्टि और / या श्रवण क्षति से ग्रस्त बच्चों को विशेष शिक्षा की आवश्यकता के अतिरिक्त वर्ग प्रशिक्षण की भी जरूरत होती है । चूँकि उनमें दृष्टि और श्रवण की दोनों संवेदनाएँ क्षतिग्रस्त होती हैं, उन्हें दिये जाने वाली प्रशिक्षण पद्धतियाँ और सामग्रियों को अनुकूलनों की आवश्यकता होती है । इसे नजर में रखते हुए ऐसे बच्चों के लिए अनन्य सेवाएँ शुरू की गयीं । ये बच्चे प्रशिक्षण शिक्षक का भरपूर ध्यान और उसके अलावा कक्षा अनुभव भी उठाते हैं । उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्यावरणीय तरमीम किये गये थे ।

8.2.16 धीमी गति से सीखनेवालों के लिए संसाधन कक्ष

सीमान्त बौद्धिकता और हल्के मानसिक मंदन ग्रस्त अधिकाँश विद्यार्थी नियमित स्कूलों में ही अध्ययन करते हैं, फिर भी, उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा जो वर्तमान समय में विशेष स्कूलों में नहीं दी जा रही है, के अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है । इस खाई को पाटने के लिए राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने धीमी गति से सीखनेवाले बच्चों के लिए संसाधन कक्ष आरंभ किया है जहाँ ऐसे बच्चों को, उनके स्कूली घंटों के अलावा अतिरिक्त समर्थन मिलता है । संसाधन कक्षा का शिक्षक भी नियमित क्लासटीचर के समन्वयन से कार्य करता है ताकि प्रशिक्षण में निरन्तरता बनी रहे।

8.3 वर्ष के दौरान शुरु की गयी नयी सेवाएँ

8.3.1 मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए वर्कस्टेशन

देश में मानसिक मंद लोगों के लिए विशेष शिक्षा प्रदान करनेवाले 1000 से अधिक संगठन हैं । ये संगठन 5-18 वर्षों के बीच की आयुवाले मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं । स्कूली शिक्षा के बाद व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करनेवालों की संख्या अपेक्षाकृत कम है । कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में से अधिकाँश छाया आधारित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं । इस कारण से व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कोई निर्धारित व प्रणालीबद्ध नियमावली उपलब्ध नहीं है । व्यावसायिक प्रशिक्षण की प्रक्रिया को सही ढंग से चलाने के लिए रा.मा.वि.संस्थान ने मानसिक मंद लोगों के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु वर्कस्टेशन आरंभ किये हैं । मानसिक मंद व्यक्तियों के आनुवंशिकी कौशलों का मूल्यांकन करने के बाद ज्ञानात्मक, मोटर और सामाजिक क्रियाशीलता को प्रेरित करने प्रबंधन योजना बनायी जाएगी और उन्हें भिन्न-भिन्न वर्क स्टेशनों में रखा जाएगा । मानसिक मंद लोगों को आरंभ में विभिन्न कौशलों को विकसित करने विभिन्न क्रियाकलापों में प्रशिक्षित किया जाएगा । छह महीने के सफल प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थी को खुले / समर्थित / स्व-समर्थित / किसी की छत्रछाया में रोजगार दिया जाएगा । नौकरियों की पहचान करने के प्रयास किये जाएँगे और जनकों को उनके बच्चों के लिए भावी नौकरियाँ तलाश करने प्रोत्साहित किया जाएगा ।

8.3.2 मानसिक मंद व्यक्तियों की दृष्टि प्रखरता के लिए संसाधन कक्ष

